दिनांक 5 नवंबर 2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

महापौर परिषद की बैठक संपन्न , बैठक में पावर हाउस बस स्टैंड के सामने स्थित साइकिल स्टैंड एवं जल कार्य विभाग हेतु श्रमिक प्रदाय पर हुई चर्चा , श्री गुरु नानक जी सरोवर की नि:शुल्क देखभाल करेगी गुरुद्वारा नानक सर कमेटी एवं समूह , महापौर परिषद ने जताई सहमति

भिलाई नगर । महापौर परिषद की बैठक महापौर श्री देवेंद्र यादव की अध्यक्षता एवं प्रभारी आयुक्त श्री अशोक द्विवेदी की उपस्थिति में आज दिन गुरुवार को महापौर कक्ष में आयोजित हुई। राजस्व विभाग द्वारा लाए गए प्रकरण में पावर हाउस बस स्टैंड के सामने स्थित साइकिल स्टैंड , कोसानाला रेलवे स्टेशन के समीप स्थित साइकिल स्टैंड तथा पावर हाउस इंदिरा मार्केट रेलवे स्टेशन के समीप स्थित साइकिल स्टैंड के लिए निविदा आमंत्रित किए जाने के विषय पर चर्चा हुई! राजस्व विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रकरण में उल्लेख किया गया है कि बारंबार निविदा आमंत्रित किए जाने के बाद भी महिला स्व सहायता समूह द्वारा दर प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है! इसलिए साइकिल स्टैंड को पूर्व प्रक्रिया के तहत निविदा आमंत्रित किए जाने की अनुमति महापौर परिषद से चाही गई है , जिसके लिए महापौर परिषद ने पूर्व प्रक्रिया के अंतर्गत नीलामी करने पर अपनी सहमति दी है! दूसरे प्रकरण में निगम के जल कार्य विभाग के अंतर्गत शिवनाथ इंटकवेल , 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र , 2.72 एमएलडी, 1.5 एमएलडी के संचालन एवं संधारण कार्य के लिए कुशल , अर्ध कुशल एवं अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने के लिए अतिरिक्त स्वीकृति एवं अतिरिक्त बजट आबंटन की अनुमति महापौर परिषद से चाही गई है! उल्लेखनीय है कि जल कार्य विभाग द्वारा श्रमिक प्रदाय करने के लिए निविदा आमंत्रित की गई है , निविदा प्रक्रिया में विलंब को देखते हुए तथा कार्य की निरंतरता को बनाए रखने के लिए पुराने कार्य में समयावृद्धि बढ़ाने के लिए प्रकरण महापौर परिषद में प्रस्तुत किया गया है! इस प्रकरण में भी महापौर परिषद ने अपनी सहमति व्यक्त की है!

जनसम्पर्क अधिकारी